तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023

10 शहीदों के परिजनों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह...


12 विकसित भारत संकल्प यात्रा तैयारी केंद्रीय...




## खबर संक्षेप

### होटल के पीछे शराब जब्त, पियक्कड़ भागे



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बस स्टैण्ड के पीछे आरोपी शराब कोचिया किशनपुर निवासी 24 वर्षीय देवानंद यादव पिता रमेश यादव 14 दिसंबर की शाम साढ़े 7 बजें को लोगो को शराब पीने व्यवस्था उपलब्ध करा रहा था। पुलिस को आता देख शराब पीने इधर उधर भाग गए। आरोपी के कब्जे से मसाला शराब कीमत 200 रूपएं व 02 नग डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### वाहन की टक्कर से एक की मौत, चालक फरार

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 41 भूत मेला से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 5681 से घर वापिस आते समय ग्राम डोटोमेटा देवलाल नेताम के घर पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर महेन्द्र नेताम को जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे सिर में चोट आने की वजह से मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। पखांजुर पुलिस ने विवेचना करने के उपरांत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### साल्हेभाट में लगाया जागरूकता शिविर

**कांकेर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 14 दिसंबर को विधिक जागरूकता शिविर प्राथमिक शाला ग्राम साल्हेभाट के प्रांगण में शासकीय महाविद्यालय सरोना के द्वारा 7 दिवसीय आयोजित कैम्फ में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीके गिलहरे कांकेर के द्वारा छात्रों को साइबर क्राइम, पाक्सो एक्ट, संविधान द्वारा प्रदान अधिकार एवं कर्तव्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बच्चों से चर्चा कर उनके द्वारा पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया गया। विधिक जागरूकता शिविर में सागर गुप्ता,. विधि मेहता के द्वारा भी कानूनी जानकारी दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच साल्हेभाट तुलसी राम नेताम, गुप्तेश्वर साहू, प्रहलाद सिन्हा, सुनंदा नेताम एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

### कमरे में फांसी पर मिला अधेड़ का शव

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत तुएगहन निवासी 45 वर्षीय फकीर चंद कोर्राम पिता नंदलाल ने 14 दिसंबर की रात को साढ़े 8 बजें अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के 19 वर्षीय बेटे ने पुलिस को बताया कि उनके पिता ने अज्ञात कारणो के चलते घर के कमरा में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# धान खरीदी के लिए बचे 33 दिन, अभी तक केवल 30 फीसदी हो सकी है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धान खरीदी के लिए अब सिर्फ 33 दिन बचे हैं और अभी भी 70 फीसदी धान की खरीदी शेष है। डेढ़ माह के 27 खरीदी दिवस में कुल लक्ष्य का महज 30 फीसदी धान ही खरीदा जा सका, ऐसे में आने वाले दिनों में यदि भाजपा के घोषणा के आधार पर 21 क्विंटल खरीदी की जाती है, तो यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023-24 में जिले के पंजीकृत एक लाख 1 हजार 104 किसानों की भूमि का रकबा 1 लाख 40 हजार 467 हेक्टेयर है। खरीदी का लक्ष्य 49 लाख 51 हजार 970 क्विंटल है। खरीदी 1 नवंबर से शुरू हो गई थी, परंतु अवकाश को छोड़ दिया जाए तो 28 खरीदी दिवस में कुल 32,197 किसानों से 14 लाख 63 हजार 830 क्विंटल धान की खरीदी की जा सकी है। किसान परिणाम के आने का इंतजार कर रहे थे, किसानो को यह लालच था कि कांग्रेस सरकार आ जाएगी तो कर्जा माफ हो जाएगा, वहीं भाजपा सरकार आ जाएगी तो 3100 रूपएं मिलेगा और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी होगी। परिणाम आने के बाद दिसंबर माह के शुरूआत में ही बेमौसम बारिश के कारण पांच दिनों तक धान खरीदी प्रभावित रहीं। 31 जनवरी 2024 तक धान खरीदी करने की समय सीमा का निर्धारण किया गया है। ऐसे में आने वाले 33 दिनों में शेष 34 लाख 88 हजार 140 क्विंटल खरीदा जाना है।

## खरीदी प्रक्रिया लिमिट सफ्टवेयर में डाला गया

### किसान हो रहे परेशान

जानकारी के अनुसार इस बार एक दिन में धान खरीदी की लिमिट रायपुर मुख्यालय से तय की जा रही है, वहाँ पर लक्ष्य के मुताबिक खरीदी दिवस के हिसाब से एक दिन की खरीदी लिमिट सफ्टवेयर में डाला गया है। इसीलिए किसानों को धान बेचने की तारीख कई दिनों के बाद मिल रही है। इसके चलते किसान परेशान हो रहे है।



### प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदा जा रहा

जानकारी के अनुसार भाजपा की सरकार बन गई, परंतु अभी तक एक एकड़ में 21 क्विंटल खरीदी का आदेश नहीं आने के चले अभी प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदा जा रहा है। भाजपा सरकार ने आदेश जारी कर दिया तो खरीदी का लक्ष्य जो अभी लगभग 49 लाख है, वो बढ़कर 72 लाख हो जाएगा। किसानों को भाजपा सरकार के आदेश का इंतजार बना हुआ है।

---

**विरोध : दो साल पहले तत्कालीन विधायक ने सब स्टेशन का किया था भूमिपूजन**

# बरदेवारी सड़क मरम्मत और सब स्टेशन की मांग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नंदनमारा पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद वाहनों की आवाजाही कोड़ेजुंगा से बारदेवरी मार्ग होते हुए जा रही थी। सड़क पर बढ़ते दबाव के चलते यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया।

- ग्रामीणों ने कहा- अधिकारियों को सड़क व सब स्टेशन के लिए कई बार दिए आवेदन पर नहीं दिया ध्यान
- निविदा निकाली गई थी और ठेकेदार ने काम करने से मना

ग्रामीणों व मीडिया ने कई बार संबंधित विभाग के संज्ञान में लाया, परंतु अभी तक कोई पहल नहीं होने पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया और आश्वासन मिलने के बाद सड़क से उठे। ग्रामीणों की यह भी माँग थी कि कुरष्टीकुर सब स्टेशन को जल्द पूरा करने की माँग किया है।

जानकारी के अनुसार नंदनमारा पुलिस के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद सबसे पहले भारी वाहनों को कांकेर बाईपास से कोड़ेजुंगा से बारदेवरी होते हुए माकड़ी जाने के लिए वैकल्पिक रास्ता खोला गया। यह मार्ग भारी वाहनों के अनुसार नहीं बना था, परंतु भारी



वाहनों के आने जाने के चलते यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गया। इस मार्ग की जर्जर स्थिति को सुधारने की माँग ग्रामीणों के द्वारा कई बार किया गया। मीडिया ने भी जर्जर मार्ग की हालत को विभाग कें संज्ञान में लाया, परंतु विभाग की नींद नहीं खुली वहीं अन्य जिम्मेदार अफसरों ने भी इस पर गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों के इंतजार की सीमा खत्म होने पर 15 दिसंबर को गुस्सा फूट पड़ा और बारदेवरी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने चक्काजाम किया और इसकी जानकारी प्रशासन व पुलिस को मिली। ग्रामीण दोपहर को लगभग साढ़े 12 बजे के आसपास चक्काजाम कर दिया।



### यह रहे उपस्थित

प्रर्दशन के दौरानप दीपक कोडोपी, तामेश्वरी हिचामी, देव सिंह, संजय कोड़ोपी, प्रभुराम ध्रुव, ठाकुर राम शोरी, लल्लूराम कांगे,सुशीला, सुषमा तेता, मानबाई ठाकुर, सुरताना सलाम, नीता हिमाची, गंगा बाई कोडोपी, पूजा शोरी, जमुना हिडको, तारिणी कोर्राम, देविका ध्रुवा, दसरी हिड़को, सुलोचना, धरमीन सलाम, गंगा कुमेटी, जमुना कोर्राम ,चंद्रिका के अलावा ग्राम पंचायत बारदेवरी, मांदरी और तुलतुली के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दो साल पहले हुआ था भूमिपूजन

ग्रामीणों का कहना था कि इस क्षेत्र के लोग लो वोल्टेज से लंबे समय से परेशान था, ग्रामीणों की माँग पर ग्राम कुरिष्टीकुर में विद्युत सब स्टेशन स्वीकृत हुआ था और ग्राम कुरष्टीकुर में दो साल पहले विधायक शिशुपाल शोरी ने भूमिपूजन किया था। शासन व प्रशासन द्वारा अब तक कोई भी कार्यवाही नही हुआ। हम लोगों ने कई बार ज्ञापन भी दिया, इसलिए यह कदम उठाना पड़ा।

### अधिकारियों ने दिया आश्वासन

ग्रामीणों को समझाने पहुँचे अधिकारियों तहसीलदार सुरेश राय और नायब तहसीलदार विकास जैन ने ग्रामीणों को बताया कि सड़क की मरम्मत हो जाएगी वहीं कुरूष्टीकुर सब स्टेशन के लिए निविदा निकाली गई थी और ठेकेदार ने काम करने से मना कर दिया था। उसके बाद फिर से निविदा निकाली गई। इसके उपरांत आचार संहिता लग गया था, इस कार्य को जल्द शुरू किया जाएगा।

---

# पांडरवाही व आसपास इलाके में गांजा विक्रेता चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गाँव-गाँव गांजा बेचने की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस ने थाना से लगभग 12 किमी. दूर ग्राम पांडरवाही के एक युवक को 1 किलो गांजा के साथ दबोचा। आरोपी युवक के खिलाफ ए न डी पी ए स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

- आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्रवाई, भेजा गया जेल

जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि शीतलापारा पाण्डरवाही निवासी 22 वर्षीय तुगंज ध्वज कोर्राम पिता प्रकाश एक प्लास्टिक सफेद रंग के बोरी में माकड़ी चौक के पास रोड में गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक किया और तस्दीक होने पर कोतवाली पुलिस टीम 14 दिसंबर को शाम 5 बजें मुखबिर के द्वारा बताए गए स्थल पर पहुँची, जहां पर एक युवक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी हाथ में पकड़ा हुआ था। संदिग्ध से नाम पता पूछने पर अपना नाम तुगंज ध्वज ग्राम पाण्डरवाही का रहने वाला बताया। तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जे में रखे हुए सफेद बारी में 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। आरोपी ने उक्त गांजा को उड़ीसा क्षेत्र से खरीदी कर लाना बताया। ग्रामीणों की मानें तो आरोपी लंबे समय से इस काम में लिप्त था और गाँव के युवाओं का भविष्य बिगाड़ रहा था। गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी को छुड़ाने के लिए कई रसूखदार व कई नेताओं ने प्रयास किया, परंतु पुलिस नियमानुसार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटी।

थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि आरोपी के पास 1 किलो 200 ग्राम गांजा मिला था। जप्त गांजा की बाजार में कीमत लगभग 10 हजार रूपएं होगी। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया और उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

---

# डूमरपानी स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की हुई विभिन्न जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम डूमरपानी में स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सह जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न जाँच किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने शिविर में कहा कि आपके गाँव की समस्या जो है, उसके निराकरण के लिए पहल जारी है। पीएचई विभाग ने जो प्रयास किया है, उसे गाँव के लोगों को मानीटरिंग करने की भी जरूरत है। आयोजित शिविर में 298 ग्रामीणों की जाँच कराई गई, जिसमें 56 दंत फ्लोरोसिस एवं 25 संभावित



स्केलेटल फ्लोरोसिस के मरीज पाए गए, इसके अलावा शिविर में 55 लोगों की सिकल सेल की जांच एवं बीपी शुगर का भी जांच किया गया और सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दिया। शिविर में पहुँचे ऐसे मरीज जो चलने फिरने में असहाय थे, उन मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा वाकर दिया गया। आयोजित शिविर में जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैद्य, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सुरेली में पूजा-पाठ का विरोध ग्रामीणों ने युवकों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोरर थाना अंतर्गत ग्राम सुरेली में पूजा करने के लिए गए लोगो के साथ सुरेली के कई लोगों ने पूजा पाठ का विरोध किया और कहा कि पूजा पाठ से हमारे गाँव में आदमी मर रहे है, ऐसा बोलते हुए गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दिया। पूजा करने वालों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी राजेन्द्र कावड़े, ब्रिज कावड़े, देवनाथ दुग्गा, मन्नू कावड़े, बलदेव गोटा, छबी उसेण्डी, मनसा कवाची, बालसाय उसेंडी सभी सुरेली निवासी के द्वारा एक राय



होकर तुम लोग पुजा पाठ कर रहे हो, हमारे गांव में आदमी मर रहा है बोलकर गाली गलौज व मारपीट करने का मामला सामने आया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे सुरेली निवासी 55 वर्षीय प्रभू राम कावड़े पिता सगराम कावड़े ने पुलिस को बताया कि घर में परिवारिक परेशानी होने के कारण 1 दिसंबर को पुजारी कानागांव निवासी सतऊ राम कोर्राम एवं परिवार ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

**विधायक ने प्रबंधन और गंदगी पर जताई नाराजगी, दिए सख्त निर्देश**

# समय पर नहीं आते डाक्टर, घंटों की प्रतीक्षा व मरीज बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम आमजनता से मिलते हुए 15 दिसंबर की सुबह औचक मेडिकल कॉलेज के कोमलदेव अस्पताल पहुँच गए, डॉक्टरों का इंतजार कर रहे मरीजों ने विधायक को बताया कि समय पर चिकित्सक नहीं आते है, घंटो इंतजार करना पड़ता है। विधायक ने अस्पताल का निरीक्षण किया और गंदगी देख नारजगी भी जताया और साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की बात कहीं।

विधानसभा कांकेर के नव निर्वाचित विधायक आशाराम नेताम अपनी दिनचर्या में रोजाना आमजनो से मुलाकात करने का नियम बना लिया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए लोगो से मिलकर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने आश्वस्त कर रहे है। विधायक 15 दिसंबर की सुबह औचक मेडिकल कॉलेज के



अस्पताल कोमल देव में औचक पहुँच गए ओर प्रत्येक वार्ड में पहुँचकर मरीजों से बात किया और कार्यरत स्टाप से भी संवाद किया। डॉक्टर के इंतजार में बैठे मरीजों ने विधायक को बताया कि समय पर चिकित्सक नहीं आते है, विधायक ने अस्पताल प्रबंधन से कहा कि चिकित्सकों को हिदायत दे कि सभी चिकित्सक सही समय पर पहुँचे। अस्पताल में भर्ती मरीजो से मुलाकात करने के दौरान विधायक को मरीजो और स्टाप ने पानी की किल्लत से अवगत कराया। वार्ड भ्रमण के दौरान गंदगी देखने को मिली, इस तरह की गंदगी दुबारा नजर नहीं आएं, इसकी हिदायत दिया। विधायक वार्डो का भ्रमण करने के उपरांत ओपीडी पहुंचे, जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर मनीष जैन सहित अस्पताल स्टॉफ से कहा कि जो भी समस्या हो मुझे अवगत कराए। जिला अस्पताल को रेफर सेंटर कहा जाता है, लेकिन भाजपा सरकार में इसकी परिभाषा बदली जाएगी।


## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969



## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रुपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक।**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंको में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ....................पोस्ट ....................तहसील ....................
थाना ....................जिला.................... पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने महुआ पेड़ पर लगाई फांसी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत मोदे निवासी 65 वर्षीय डेरहु राम शिवना पिता स्व. विश्राम ने 15 दिसंबर को सुबह 10 बजें खेत की ओर फांसी लगा खुदकुशी कर लिया। मोदे निवासी 30 वर्षीय संजय सिवना ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने खेत की ओर महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घासीदास जयंती पर कल होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**चारामा।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज ऑवरी द्वारा 18 दिसम्बर को संत शिरोमणी बाबा गुरूघासी दास जयंती मनाया जाएगा। गुरूघासी दास जयंती के अवसर पर दोपहर 12 बजे सतनाम कलश यात्रा गाँव में निकाली जाएगी व जिसके बाद ध्वजारोहण, बाबा की पुजा और सभा का आयोजन होगा। संध्या बेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर माया के छाव साराधु नवागांव की प्रस्तुति सहित अन्य कई कार्यक्रम होगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी, अध्यक्षता गोविन्द मोरे, अध्यक्ष प्रछगसस आंवरी, ठाकुर राम कश्यप, नरेन्द्र यादव सदस्य गौ सेवा आयोग, नप अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी, जिला पंचायत सदस्य अमिता बंजारे, सरपंच आंवरी मनाय गावड़े उपस्थित रहेंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा तैयारियों की सीईओ ने की समीक्षा

**दन्तेवाड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु तैयारियों की समीक्षा गुरूवार को जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में सीईओ ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुरूप इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल एवं बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय पूर्व करने के निर्देश दिए। सीईओ ने आगे बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान हितग्राहियों को केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के अलावा सभी हितग्राहियों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

**पेज 9 के शेष ...**

### डूमरपानी के स्वास्थ्य...

कांकेर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. राकेश, डॉ. मनीष जांगड़े, डॉ. अमित पांडे, डॉ. नितिन वाल्मीकि, डीपीएम रोहित वर्मा एवं नरहरपुर विकासखंड के एवं उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### सुरेली में पूजा-पाठ का...

के रैनूराम कावड़े, तुरसिंह कावड़े, मोती राम कावड़े एवं मेरा लड़का रामप्रसाद व राजू राम, अजीत, बंसत को पूजा कार्यक्रम में बुलाया था। शाम करीबन साढ़े 6 बजें गांव के सरहद कौहानाला के पास पूजा समाग्री लेकर गए थे और साथ में दो सब्बल, कटरी लेकर गए थे। उसी समय गांव के आरोपी राजेन्द्र कावड़े, ब्रिज कावड़े, देवनाथ दुग्गा, मन्नू, बलदेव गोटा, छबी उसेण्डी, मनसा कवाची, बालसाय उसेण्डी हमारे पास आया और सभी एक राय होकर हम लोगो को बोले कि तुम लोग पूजा पाठ कर रहे हो, तुम्हारे कारण गांव में आदमी मर रहे है, बोलते हुए अपने साथ लाए कुल्हाड़ी के बेठ, डण्डा, पाइप से तुरसिंह, रैनू राम, सतऊ राम व मेरे साथ मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 147 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

**कार्यक्रम : जवानों का देश के प्रति समर्पण अभिनंदनीय : कलेक्टर**

# शहीदों के परिजनों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सेना झंडा दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस और विजय दिवस का आयोजन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 15 दिसबंर शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। कलेक्टर द्वारा सेना मैडल शहीद गणेश राम की माता जागेश्वरी बाई, शहीद सूबेदार मेजर हरिराम तारम की पत्नी कुंती तारम और शहीद नायक मोती राम की शहादत को याद करते हुए उनकी पत्नी पद्मावती को शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों एवं शहीद जवानों के परिजनों को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सैनिक अपने घर परिवार की परवाह न करते हुए पूरे देश की सुरक्षा के लिए दिन रात मोर्चे पर डंटे रहते हैं, उनके सजग रहने के चलते ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। उन्होंने सैनिकों को सभी के लिए प्रेरणा बताते हुए सबके प्रति आभार प्रकट किया। कलेक्टर ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में राशि देने वाले एसपी दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल और खनिज अधिकारी बीके चन्द्राकर को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले जिले के भूतपूर्व सैनिक सूबेदार हेमंत कुमार सिंह और नायक प्यारे लाल को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके पहले जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन भा.नौ. तथा संजय शुक्ला एन.एम. से.नि. ने बताया कि हमारी सशस्त्र सेनाएं हमारे देश की रक्षा कठिन परिस्थितियों में करती हैं।




देश की रक्षा करते हुए बहुत से जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया या घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार वीर नारियों, घायल सैनिकों तथा उनके परिजनों की सहायता के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाती है। इसी तरह भारत पाकिस्तान युद्ध में जीत के रूप में प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। संकलित राशि का उपयोग युद्ध में शहीद सैनिक के परिजन और युद्ध में अपाहिज हुए सैनिकों के कल्याणार्थ किया जाता है। इस मद में कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से राशि जमा कर युद्ध के मैदान में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के परिजनों के कल्याण में भागीदार हो सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सैनिकों ने विभिन्न मोर्चों में शहीद होने वाले सैनिकों के लिए मौन धारण उन्हें श्रद्धांजलि दिया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में परियोजना दुर्गुकोंदल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें बालिकाओं के लिए प्रश्न मंच का आयोजन किया गया व विजयी बालिकाओं को पुरूष्कृत किया गया। 14 से 18 वर्ष के किशोरी बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आयोजन के उद्देश्य एवं लक्ष्य अंतर्गत लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव में सुधार, एएनसी पंजीकरण में वृद्धि, बालिकाओं का कौशल विकास, बालिकाओं के बीच ड्रॉपआउट दर की जाँच व सुरक्षित मासिक धर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता व प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में व उनके अधिकार संबंधी जानकारी दिया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी आर वट्टी एवं लेखापाल अब्दुल जिगर खान, पर्यवेक्षक देवकुमारी परिहार, कुन्ती नागे, सुमित्रा सलाम, देवकी सिंह, राजेश्वरी मंडावी, सरिता एलमा, भानुमति राणा एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा थानांतर्गत चपेली के पास 15 दिसंबर की सुबह 11 बजें बाईक में सवार होकर खेत जा रहे युवक को ट्रक के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से बाईक में सवार युवक के पैर में गंभीर चोट आई है।



थाना में शिकायत करने पहुंचे चपेली निवासी 52 वर्षीय गैत्रूराम नेताम पिता टेटकू राम नेताम ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को उसका लड़का राहुल नेताम अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीके 2193 में सवार होकर सुबह करीबन 11 बजे खेत जा रहा था। मेन रोड चपेली मोड़ के पास पहुंचा था कि पुरी की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमडी 3324 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाकर राहुल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे युवक के सिर एवं दाहिने पैर में चोट लगा है। ईलाज के लिए घायल को सीएचसी चारामा अस्पताल में ले जाया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# केशकाल विधायक के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

बस्तर के प्रवेश द्वार चारामा में केशकाल के विधायक एवं पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम का स्थानीय विश्रामगृह चारामा में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप नृत्य कर आतिशबाजी से उनका पहली बार नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही खुशी से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में भारत माता चौक तक पहुंच कर भारत माता के मूर्ति में माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड भरत मटियारा, पूर्व विधायक ब्रंम्हानन्द नेताम, राकेश यादव, वीरेंद्र साहू, पूर्व विधायक हलदर



साहू, आलोक ठाकुर, नंद कुमार ओझा, प्यारेलाल देवांगन, रुक्मणी उइके, जयश्री सिन्हा, प्रताप सलाम, अमिता बंजारे, भागी राम साहू, ममता गजभिए, दीपक सोनकर, ललित श्रीवास्तव, उत्तम साहू, सत्कार पटेल, रमाशंकर सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, संतोष नाहर, सुरेश सबनानी, वासुदेव साहू, शिवनाथ साहू, राज सिन्हा, देव कोशरिया, महावीर रघुनंदन साहू, कैलाश खत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्ल्स कॉलेज में लेट्स कम्युनिटी पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय एड्स पखवाड़ा के अंतर्गत लेट्स कम्युनिटी लीड विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आईसीटीसी कांउसलर सुनीता पाठक एवं एसआईटी कांउसल निर्भय साहू रहें।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जेके बारले की अध्यक्षता में कार्यकम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आईसीटीसी कांउसलर ने बताया कि भारत एड्स के मरीजों की संख्या के मामले में द्वितीय स्थान पर है, इसके लिए लोगो का जागरूक होना जरूरी है। एड्स के मरीजों के लिए काउंसिलिग के महत्व बताया तथा एड्स एवं एचआईव्ही में अंतर बताते हुए




उनके भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। निर्भय साहू ने छात्राओं के एड्स से संबंधित प्रश्न का जवाब देते हुए एड्स को एक खतरनाक बीमारी बताया साथ ही साथ आने वाली पीढ़ियों को सजग करते हुए उससे बचने के सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला अस्पताल कांकेर एवं महाविद्यालय के संयोजकत्व में पोस्टर मेंकिंग, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर यमुना केमरो, पोस्टर मेंकिंग में प्रथम स्थान पर लल्ली मंडावी एवं निबंध में प्रथम स्थान पर आभा शोरी रही। कार्यक्रम के दौरान मनोज कुमार गोटी, आरती मरकाम, योगराज साहू, महेन्द्र रजक, रश्मि नाग, रीना,बघेल, दीप्ति सोनी, माहेनूर सैयदा, अश्मना बघेल, गौरीशंकर बघेल सहित ऑफिस स्टाफ एंव छात्राएं उपस्थित रहें।

# निर्धन परिवारों को पक्के आवास देने के निर्णय से खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केबिनेट की पहली बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक जरूरतमंद गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे जिले के हितग्राहियों में खुशी की लहर है। ग्राम कोदागांव के ग्रामीण यशवंत कुमार साहू ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं और वे वर्तमान में पुराने एवं कच्चे मकान में रहते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया है, जिससे वे बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उन्हें अब पक्का मकान का सपना पूरा होगा, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से भी छुटकारा मिलेगा। इस निर्णय पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।

# आवास निर्माण की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति लाने के लिए कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नीलम उयके के अध्यक्षता में 15 दिसबंर शुक्रवार को जनपद पंचायत कार्यालय दुर्गुकोंदल के सभा कक्ष में बैठक आयोजित किया।

उक्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल, करंमाड़, खुटगांव, भण्डारडिगी, हानपतरी, मेंड्रो, कोदापाखा, बांगाचार, सिंहारी एवं सुखई के लाभान्वित हितग्राहियों का उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक आयोजित किया गया, जिसमें योजनान्तर्गत उक्त ग्राम पंचायतों के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में योजनान्तर्गत लाभान्वित अप्रारंभ आवास के हितग्राहियों को अविलम्ब आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने तथा प्रगतिरत एवं अपूर्ण आवास के हितग्राहियों को अविलम्ब आवास निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक आरडी ठाकुर विकास विस्तार अधिकारी, आरके किशोरे सहा आंत. ले. परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी एवं उक्त योजना के अधिकारी प्रमोद ठाकुर विकासखण्ड समन्वयक, अंकुर बघेल तकनीकी सहायक जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल व ग्राम पंचायत सरपंच सचिव उपस्थित रहे।

# चिन्हांकन के लिए 21 दिव्यांग बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा के तहत जिले के चिन्हांकित शालाओं के प्राचार्य, व्याख्याता, प्राथमिक तथा माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक, शिक्षक एवं दिव्यांग बच्चों के पालकों के लिए जिला स्तरीय क्षमता निर्माण उन्मुखीकरण कार्यशाला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के 226 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करते हुए प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ देने, शालाओं में अपने सहपाठियों के साथ एक समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करना व शिक्षकों, पालकों, सहपाठियों के बीच शालाओं में बिना किसी भेदभाव के क्षमता निर्माण कर



सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों का अध्यापन पीयर ग्रुप बनाकर आवश्यक सहयोग प्रदान करना, दिव्यांगजन अधिनियम 2016 एक्ट के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगता का चिन्हांकन करने दिव्यांगता की जानकारी दी गई, साथ ही दिव्यांग बच्चों का समावेशी शिक्षा के माध्यम से समाज के मुख्यधारा से जोड़ने, दिव्यांग बच्चों को शाला में आ रहे समस्याओं का निंदान, बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**धन के अभाव में निजी अस्पताल में उपचार नहीं करा पा रहे थे**

# चिरायु योजना वरदान, चंद्रभान व आशीष की आंखों को मिली रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केन्द्र सरकार की चिरायु योजना राज्य के गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित इस योजना के माध्यम से जिले के कई बच्चे लाभान्वित हुए हैं। जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंडरीपानी निवासी 11 वर्षीय चंद्रभान कड़यिम और कोयलीबेड़ा के ग्राम गुड़ाबेड़ा निवासी आशीष उसेंडी की आंखों को रोशनी मिली है। अब यह दोनों बालक अपनी आंखों से दुनिया की रंगीनियां देख पा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंडरीपानी निवासी हरिलाल के पुत्र चंद्रभान को जन्म से मोतियाबिंद की समस्या थी, उसके परिवार के सदस्यों को इस बीमारी के बारे में पता नहीं था। चंद्रभान को बचपन से



दिखाई नहीं पड़ने के कारण वह स्कूल भी नहीं जाता था। गरीबी के कारण उसे निजी अस्पताल में ले जाकर इलाज करवाना परिवार के लिए सम्भव नहीं था। जब गांव में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया तब इस दौरान चंद्रभान की समस्या के बारे में बताया गया। जिला अस्पताल में बच्चे की जांच के उपरांत सर्जरी की सलाह दिया फिर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर ले जाकर दाहिनी आंख का सफल इलाज कराया गया व 03 माह पश्चात दूसरी आंख का भी ऑपरेशन हुआ। इसी तरह विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम गुड़ाबेड़ा निवासी आशीष उसेंडी पिता चैतूराम बालक आश्रम भैसाकन्हार क में अध्ययनरत है। आशीष को खेलने के दौरान उसकी बायीं आंख में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें ठीक से दिखाई नहीं देता था।

जब चिरायु टीम द्वारा भ्रमण के दौरान बालक आश्रम भैसाकन्हार क में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तो उस बच्चे को ठीक से दिखाई नहीं देने की समस्या का पता चला। इसके बाद चिरायु टीम द्वारा बच्चे को जिला अस्पताल ले जाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा जांच कराई गई। जांच उपरांत आंख का ऑपरेशन करवाने की सलाह दिया। चिरायु टीम द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर ले जाकर आशीष का सफल ऑपरेशन कराया गया। ऑपरेशन के पश्चात बच्चे का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है।

# पदोन्नति और क्रमोन्नति मामले का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए जिलाध्यक्ष चेतन राम जैन एवं तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार गंजीर ने कहा कि शिक्षा विभाग में वर्षों से लंबित संवर्गीय पदोन्नति एवं क्रमोन्नति के मामलों का समाधान होगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने कहा की अन्य विभागों के तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है। लेकिन विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है। पदीय वरिष्ठ व्यक्ति, कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं जो विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम 2019 का उल्लघंन है, नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए।

फेडरेशन के कहना है कि शासन के नीति एवं कार्ययोजना का लोकहित में बेहतर क्रियान्वयन के लिए शासन एवं राज्य के कर्मचारी अधिकारियों के मध्य सामंजस्य, सौहाद्र एवं संद्भावना होना आवश्यक है। राज्य के समग्र विकास एवं कर्मचारियों की अपेक्षा के मुद्दों पर परिणाममूलक निर्णय होना चाहिए। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विभागीय सुशासन की अपेक्षा राज्य शासन से किया है।

## सब्जी बाजार में कब्जा जमाए फुटकर सब्जी बेचने वालों को समझाइश

# सड़क पर बैठे खोमचे वालों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संजय बाजार में निगम प्रशासन ने लोगों को बेदखल करने की कार्रवाई की। प्रभावितों का तर्क है कि वे 10 साल से यहीं व्यापार कर रहे हैं। व्यापारियों ने कहा अगर हटाना ही था तो 10 साल पहले बैठने ही क्यों दिया। अब उन्हें नए सिरे से नई जगह पर व्यापार प्रारंभ करना पड़ेगा। व्यापारियों का तर्क भी अनुचित नही है कारण इतने वर्षों् से जमे व्यवसायियों को एकाएक हटाने से उनका व्यापार प्रभावित होता है, साथ ही दूसरे जगह शिफ्ट होने में समय लगता है। जब अवैध कब्जे होते हैं तभी संबंधित विभाग के लोगों को ध्यान देना चाहिए। नियमानुसार कब्जाधारियों से टैक्स की वसूली भी की जा रही थी। अब एकाएक उन्हें हटाया जा रहा है। टैक्स वसूलने के बाद भी उन्हें किसी तरह की सुविधा नहीं मिलती। जबकि संजय बाजार संभाग की सबसे बड़ी सब्जी मंडी है।

### व्यवस्था सुगम बनाई जा रही



संजय बाजार पूरे बस्तर संभाग का सबसे बड़ा सब्जी मंडी है। यहां प्रतिदिन हजारों उपभोक्ता खरीदारी करने पहुंचते है। आमजनों को कोई असुविधा न हो इसलिए बाजार में अव्यवस्थित लगाए गए प्लास्टिक झिल्ली हटाये गए। बाजार को व्यवस्थित करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। मार्ग पर बैठकर व्यापार करने वालों को ही हटाया जा रहा है ताकि व्यवस्था सुगम बनाई जा सके।

**हरेश मण्डावी,** नगर निगम आयुक्त

# जिज्ञासा का भाव लेकर पढ़ाई करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान अध्ययनशाला ने नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए शुक्रवार को इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी उपस्थिति रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि बीएड के दो साल के इस कोर्स में अनुशासन के साथ अध्यापन करें। बीएड की पढ़ाई करते हुए जो नियम तय किए गए हैं उनका पालन करें। कुलपति ने कहा कि जिस तरह से घर का माहौल अच्छा होने से पढ़ाई में मन लगता है ठीक उसी तरह से शिक्षण संस्थान का माहौल भी बेहतर होना जरूरी है। पढ़ाई के दौरान अगर आप में जिज्ञासा का भाव होगा तो आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। कुलसचिव ने कहा कि छात्र दो साल की पढ़ाई में भविष्य के लिए भी प्लान तैयार करें। इस दौरान डॉ. सोहन मिश्रा, डॉ. रानी मैथ्यू, पंकज गणवीर, राकेश गौतम, अजय खरोले, डॉ. पूर्णिमा चटर्जी, डॉ. रेखा नागवंशी, केशव तिवारी समेत शिक्षा, छात्र-छांत्राएं मौजूद थे। संचालन डॉ. लक्ष्मी कोटरे और आभार डॉ. भुवनेश्वरलाल साहू ने माना।

# दो वर्ष पूर्व बने विद्युत लाइन के ब्रेकर चार्ज नहीं, ईडी ने लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के ग्राम तुमनार में विद्युत कंपनी ने दो वर्ष पूर्व लाईन का ब्रेकर बनाया, लेकिन बनने के बाद भी अब तक ब्रेकर चार्ज किया। इस पर ईडी ने कंपनी के एसटीएम के कार्यपालन अभियंता को जमकर फटकारा और नोटिस दिया। उक्त बातें कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ने गुरूवार को सातों जिलों के कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंताओं के कार्यो की समीक्षा बैठक में कही। इसमें ईडी ने पखांजूर के लापरवाह डीई को भी वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी डीई, एई अपने-अपने क्षेत्र में स्पॉट बिलिंग, कार्य का आडिट समय पर करें, बकाया वसूली में डिस्कनेक्शन अभियान तेज करें, लाईन लास कम करें। बैठक में अधीक्षण अभियंता एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता एनके पोयाम, सुदीप कुमार खेस, एस. भास्करन, सहायक अभियंता सलीम खान, निरंजन सिंह कंवर आदि शामिल रहे।

- ईडी ने एसटीएम व पखांजूर के लापरवाह डीई को दिया नोटिस
- कार्यपालक निदेशक ने सातों जिलों के डीई, एई की ली समीक्षा बैठक

### डीई, एई व जेई को निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बैठक में सातों जिलों के डीई, एई एवं जेई को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में समय पर कार्य पूरा करें, अन्यथा का नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# कुम्हरावंड में लगे एनएसएस कैंप में बच्चों ने सेवा और स्वच्छता के बारे में समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के गोदग्राम तितिरगांव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए कुम्हारावंड स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रूपा यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान व्यक्तित्व विकास, योगा, प्रभात फेरी, परियोजना कार्य के तहत कुम्हारावंड डैम की सफाई, मंदिर की सफाई जैसी गतिविधि की गई। बौद्धिक सत्र में शिक्षा एवं समाज, विद्यार्थी जीवन एवं अनुशासन, जुबान की ताकत, महिला यौन उत्पीड़न और किशोरावस्था की समस्याएं एवं समाधान जैसे विषयों पर विषय विशेषज्ञ संकुल समन्वयक किरण मुखर्जी, गोपाल नाग, मोहम्मद अकबर खान, परियोजना अधिकारी महिला बाल समिति संध्या ज्योति बाला द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झाड़ फूंक और दवाइयां, मोबाइल मेरा सच्चा दोस्त या पक्का दुश्मन, स्वच्छता ही सेवा, स्वास्थ्य ही असली धन जैसे विषयों पर नृत्य, नाटक एवं गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। शिविर अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण सीएचओ अदिती प्रजापति, असीम मसीह, चंद्रेश नाग द्वारा किया गया। जिसमें 50 शिविरार्थियों सहित मीडिल प्रायमरी के बच्चे एवं ग्रामीणों का सामान्य परीक्षण सिकलिन परीक्षण हीमोग्लोबिन परीक्षण और आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि वैज्ञानिक डॉ कृष्ण पाल सिंह, गोद ग्राम संयोजक डॉ. शरद नेमा, विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजीवन कुमार, कुम्हरावंड स्कूल की प्रधान अध्यापिका रमुला मंडल मौजूद थे। अध्यक्षता तितिरगांव स्कूल की प्राचार्य वंदना भदौरिया ने किया।

# चूहों से चावल और चना के बोरे नष्ट हो रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भैरमदेव देव वार्ड क्रमांक 4 में मां कामाख्या स्वसहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकान में चुहों का आतंक है। राशन दुकान समूह अध्यक्ष आशा महापात्र का कहना है कि चावल और चना बोरी को काटकर चुहे बारदाना को नष्ट कर रहे हैं। खाद्य विभाग को इसकी जानकारी दी गई है वहीं खाद्य नियंत्रक का कहना था कि हमें बारदाना से मतलब है। राशन दुकान में जितने भी बारदाना है विभाग में जमा करो। खाद्य नियंत्रक को राशन दुकान का अवलोकन कर स्थिति का जायजा लेने का समय नहीं है। स्वसहायता समूह की महिलाओं का कहना है कि खाद्य नियंत्रक द्वारा समूह को बेवजह परेशान किया जा रहा है। जबकि दुकान में बारदाना को चुहों ने कुतर डाला है। महिलाओं का कहना था कि खाद्य नियंत्रक को इसकी जानकारी दी उसके बाद भी स्वसहायता समूह को बेवजह परेशान किया जा रहा है। खाद्य नियंत्रक द्वारा एक बार भी राशन दुकान में जाकर निरीक्षण नहीं किया गया है।

## निर्धारित एक जगह पर बिके मांस-मटन, कलेक्टर को ज्ञापन



**जगदलपुर।** सर्व ब्राम्हण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा ने शहर में कई स्थानों पर खुले रूप से मांस मटन बिक्री पर रोक लगाने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि शहर के गीदम रोड, कुम्हारपारा, धरमपुरा, नयामुण्डा, पनारापारा तथा शहर के नजदिक ग्राम आड़ावाल, आसना में खुले रुप से रोड किनारे मांस मटन का विक्रय हो रहा है। जिसके कारण आम जनता को परेशानी होती है और धार्मिक भावनाओं का भी आघात पहुंचता है। उन्होंने मांग करते कहा कि शासन द्वारा निर्धारित स्थान पर मांस मटन विक्रय होना चाहिए।

# सरकार बनते ही धान खरीदी केंद्रों में बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने और मुख्यमंत्री समेत दो उपमुख्यमंत्री के शपथ लेने के बाद धान खरीदी केंद्रों में रौनक बढ़ गई है। किसानों को अब यह भरोसा होने लगा है कि चुनाव से पहले किए गए वायदों को सरकार पूरा करेगी। हरिभूमि ने गुरूवार को माड़पाल और नगरनार खरीदी केंद्र का जायजा लिया। जहां बड़ी संख्या में किसान धान के बोरे वाहनों से उतार कर और कुछ किसान तौल कांटा कराते दिखाई पड़े। माड़पाल के खरीदी केंद्र प्रभारी रूद्र चालकी ने बताया कि 16 किसानों ने टोकन प्राप्त किया था जिनके द्वारा आज धान लाकर बेचा गया, लगभग 700 क्विंटल धान की खरीदी हुई। वहीं नगरनार लेम्पस के प्रबंधक राजूराम कश्यप ने कहा कि 21 किसानों ने टोकन प्राप्त किया था यहां भी 700 क्विंटल से अधिक धान किसानों ने बेचा। इस तरह अब धान बेचने बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं।

- माड़पाल के 16 और नगरनार के 21 किसानों ने एक दिन में बेचा 1400 क्विंटल से अधिक धान



### माड़पाल में 3322 क्विंटल की खरीदी

लेम्पस प्रबंधक सूर्यनारायण सेठिया ने बताया कि अभी तक मोटा धान 3322 क्विंटल की खरीदी हुई है। कुल खरीदी 80 लाख 37 हजार में 40 लाख 17 हजार की ऋण वसूली हुई है तथा इतनी ही राशि का भुगतान किसानों को किया गया है। नगरनार लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि अभी तक 2394 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। कुल खरीदी 60 लाख 13 हजार में 24 लाख 36 हजार का ऋण वसूला गया है और 35 लाख 43 हजार का भुगतान 75 किसानों को किया गया है।

# किसानों से किए वायदे पूरे करें प्रदेश सरकार : रेखचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शुक्रवार को पूर्व विधायक रेखचंद जैन नानगुर और बड़े मुरमा पहुंचे। सहयोगियों के साथ धान खरीदी केन्द्र में जाकर किसानों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान हित में निर्णय नहीं ले रही है। विधानसभा चुनाव के पहले मोदी की गारंटी के नाम पर किसान हित के जो वादे किए गए थे, उससे भाजपा सरकार विमुख हो रही है। किसानों का धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने का वादा किया गया था जबकि अब भी पुराने 2183 रुपये की दर पर खरीदी की जा रही है। प्रति किसान से 19 क्विंटल एक एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है जबकि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदने का वायदा किया था। गुरुवार को कैबिनेट की पहली बैठक में यह दोनों ही विषय नहीं लाए गए जबकि वर्तमान में समूचे राज्य में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया है कि चुनाव के पहले जो भाजपा नेता किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणाएं कर रहे थे वे भी इसे लागू करवाने समुचित पहल नहीं कर रहे हैं। कर्जमाफी, 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी न होने से किसानों में निराशा व नाराजगी व्याप्त है।

उन्होंने नानगुर और बड़े मुरमा के धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर धान बेचने आए किसानों से चर्चा की और तौल का निरीक्षण किया। केन्द्रों में सुखती के नाम पर किसानों से लिए जा रहे अतिरिक्त धान की मात्रा को लेकर केंद्र प्रभारियों को ताकीद किया। सुखती के नाम पर शोषण न करने की समझाईश भी दी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीलूराम बघेल, फूलसिंग सेठिया, धनसिंग बघेल, राधा मोहन दास, शंकर नाग, हरि बंधु, लोकेश सेठिया, धरम बघेल, सामनाथ नाग, आशा राम, रामा नाग, गंगाराम, हीरालाल ध्रुव, विजय बघेल, कमल सेठिया, हरिहर सेठिया, परमजीत जसवाल, संतोष सिंह, निर्मल लोढ़ा मौजूद थे।

- नानगुर और बड़े मुरमा लेम्पस पहुंचे पूर्व विधायक

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# लंबे समय से जमे बाबू वर्ग के कर्मियों को कलेक्टर ने किया इधर-उधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से कलेक्टोरेट में पदस्थ अनेक विभागों के बाबू वर्ग के कर्मचारियों को नवीन स्थल में भेजने का आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि कई ऐसे कर्मचारी हैं जो लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ रहे। जिसके चलते शिकायतें भी आम जनता की ओर से की जा रही थी। जारी आदेश में स्टेनोटायपिस्ट भारती राजपूत सामान्य शाखा से एसडीएम कार्यालय जगदलपुर, स्टेनोटायपिस्ट के. श्रीनिवास राव प्रोटोकाल से एसडीएम कार्यालय लोहण्डीगुड़ा, स्टेनोटायपिस्ट सुमित्रा नाग को एसडीएम कार्यालय तोकापाल, स्टेनोटायपिस्ट वंदना नाग को एसडीएम कार्यालय बस्तर, स्टेनोटायपिस्ट पारूल सिन्हा खाद्य शाखा से तहसील कार्यालय बस्तर, सहायक ग्रेड-2 जनकलाल बरगाह सामान्य निर्वाचन से एसडीएम कार्यालय बकावंड, सहायक ग्रेड-3 चक्रेश जैन खनिज विभाग से एसडीएम कार्यालय बकावंड, सहायक ग्रेड-2 हरिशंकर देवांगन जनगणना कार्यालय से जनपद कार्यालय तोकापाल, सहायक ग्रेड-2 विजयलक्ष्मी वर्मा सामान्य शाखा से लायसेंस विभाग, सहायक ग्रेड-2 अपराजित गर्ग सामान्य शाखा से जनगणना कार्यालय, सहायक ग्रेड-2 सुकुलधर कश्यप अंग्रेजी अभिलेखागार से सामान्य शाखा, सहायक ग्रेड-2 सरिता बघेल सामान्य लायसेंस विभाग से सामान्य शाखा, सहायक ग्रेड-3 संपत बघेल एसडीएम कार्यालय जगदलपुर से सामान्य शाखा, स्टेनोटायपिस्ट मीरा नेताम नजूल विभाग से सामान्य शाखा, सहायक ग्रेड-2 विजयशील सुता जिला नाजिर विभाग से वित्त, सहायक ग्रेड-2 महेश कुमार नाग एसडीएम भू-अर्जन कार्यालय से जिला नाजिर विभाग, सहायक ग्रेड-3 लक्ष्मीनाथ कश्यप प्रपत्र विभाग से सहायक नाजिर विभाग, सहायक ग्रेड-3 पवन सिंह ठाकुर मुख्य प्रतिलिपिकार विभाग से प्रपत्र विभाग, सहायक ग्रेड-3 रघुवीर जगत नजूल विभाग से राजस्व शाखा भू-अर्जन विभाग, सहायक ग्रेड-2 सुनील मनोहर बड़कस राजस्व शाखा से कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जगदलपुर, सहायक ग्रेड-3 लेखेश्वरी मेढ़िया 20 सूत्रीय विभाग से राजस्व विभाग, सहायक ग्रेड-2 उमा तिवारी शिकायत चिटफंड विभाग से मुख्य प्रतिलिपिकार विभाग, सहायक ग्रेड-2 विदेश कुमार पांडे रीडर टू कलेक्टर शाखा से हिंदी अभिलेखागार शाखा, सहायक ग्रेड-2 डी. लक्ष्मण राव रीडर टू अपर कलेक्टर शाखा से अंग्रेजी अभिलेखागार अल्पबचत बीस सूत्रीय शाखा, सहायक ग्रेड-2 संतोष श्रीवास वित्त लिपिक-1 शाखा से संख्यिकी, सहायक ग्रेड-3 मुधसुदन यादव सूचना अधिकार शाखा से शिकायत चिटफंड शाखा, सहायक ग्रेड-3 प्रमिला सलाम शिकायत शाखा से सूचना का अधिकार शाखा, सहायक ग्रेड-2 राजेश देवांगन सांख्य लिपिक शाखा से रीडर टू कलेक्टर-1 शाखा, सहायक ग्रेड-3 सनथ कश्यप सामान्य शाखा लिपिक से रीडर टू कलेक्टर-2 शाखा, सहायक ग्रेड-3 गिरीश पाणीग्राही न्यायालय अपर कलेक्टर शाखा से रीडर टू कलेक्टर-2 शाखा, सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र नाथ देवांगन हिंदी अभिलेखागार शाखा से खाद्य शाखा, श्रीलता शैलेन्द्रन अल्प बचत शाखा से खाद्य शाखा, सहायक ग्रेड-2 अशोक खिलाड़े खाद्य शाखा से रीडर नगर दंडाधिकारी, सहायक ग्रेड-3 तोबीलाल पांडे सहायक नाजिर शाखा से प्रोटोकल विभाग, सहायक ग्रेड-3 प्यारे लाल बघेल न्यायालय कलेक्टर शाखा से खनिज विभाग, सहायक अधीक्षक सुभाष चंद्र घोषाल स्थानीय निर्वाचन शाखा से वर्तमान दायित्वों के साथ चुनाव पर्यवेक्षक सामान्य निर्वाचन कार्य।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## जन सहयोग से योग सेट एक्टेशन पूरा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंडल अंतर्गत आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोदापाखा द्वारा जन सहभागिता सहयोग से योगा शेड के एक्सटेंशन का कार्य पूरा किया गया। जन सहभागिता के साथ औषधालय के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. केवी गोपाल के मार्गदर्शन में एव कर्मचारी शिवप्रसाद बघेल योग प्रशिक्षक एवं जगदीश मरकाम पीटीएस द्वारा पूरे निर्माण काल में समर्पण भाव से श्रमदान कर प्रशंशनीय कार्य किया। हर्बल गार्डन के निर्माण एवं सौंदर्य करण कार्य में दोनों कर्मचारी श्रमदान कर जिले में एक सुंदर हर्बल गार्डन के प्रयास में हैं, इन दोनों कर्मचारी के समर्पण सेवा भाव को देखते हुए कोदापाखा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस में सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

## कोण्डे शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सेजस कोण्डे स्कूल में शाला प्रबंधन समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कोण्डे ग्राम में छात्रावास खोलने चर्चा हुई। छात्रावास खोलने के लिए स्थल का चयन में संबंधित चर्चा की गई। बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर चर्चा, प्राथमिक शाला भवन के निर्माण कार्य शुरू करने के लिए एवं बच्चों को आवश्यक दस्तावज जैसे जाति, निवास, आय, बैंक पास बुक, आधार कार्ड एवं मोबाईल अपडेट जैसे मुद्दो पर चर्चा हुई। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेहरूराम पुड़ो, छबीलाल जैन, सरपंच कीर्ति राणा, उपसरपंच मनाय बाई पुड़ो, अहिल्या देहारी, कोलूराम कोवाची, प्रेम पुड़ो, शंकर पोटाई, फुलबत्ती पुड़ो, पार्वती यादव, असनूराम पुड़ो, बाबूलाल कोमरे, लेखराम, रविन्द्र सलाम व शिक्षक उपस्थित रहें।

### बैठक : जिले में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# विकसित भारत संकल्प यात्रा तैयारी केंद्रीय संयुक्त सचिव ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर







केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निचले स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने और इसका लाभ प्रत्येक आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले में इसकी तैयारियों को लेकर भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों की बैठक लेकर इसके आयोजन की जानकारी लिया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं जिला प्रभारी अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत समयबद्ध तरीके से लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके तहत स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने वाली प्रमुख योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच को सुगम बनाने कवायद की जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों के अलावा कृषि विज्ञान केन्द्र की इसमें महती भूमिका रहेगी, जिसके तहत मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक खाद का प्रयोग, प्राकृतिक कृषि सहित फसल उन्मुखीकरण की जानकारी किसानों को दी जाएगी। इसके अलावा ओडीएफ प्लस, आयुष्मान भारत योजना, सिकलसेल्स एनीमिया, वन-धन विकास केन्द्र एकलव्य आदर्श विद्यालय सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के बारे में भी आम जनता से फीडबैक लिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने पीपीटी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन को लेकर बनाई गई कार्ययोजना एवं रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके संचालन के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं, साथ ही कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने कंट्रोल रूम का भी गठन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्वागत समिति गठित की गई है। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के सीईओ एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए समितियों के गठन एवं विभागवार सौंपे गए दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कांकेर वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लास्ट में बीएसएफ जवान की मौत नक्सलियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



वारदात: बीएसएफ की टीम रूटीन गश्त के तहत निकली थी
परतापुर - माहला कैंप के मध्य आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ जवान शहीद
बीएसएफ की 47 बटालियन का था जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

परतापुर थानांतर्गत मंदिर टेकरी के पास 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजें आईईडी ब्लॉस्ट से बीएसएफ के एक जवान की मौत होने पर परतापुर पुलिस ने अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

परतापुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार 47 बीएन बीएसएफ कैंप परतापुर से 42 वर्षीय जगमाल सिंह खिंची पिता भंवर सिंह ने पुलिस को बताया कि 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजें परतापुर मंदिर टेकरी के पास अज्ञात 8 से 10 प्रतिबंधित नक्सलियों ने बीएसएफ आरएसओ पार्टी को जान से मारने की नियत से 2 आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें बीएसएफ के जवान अखिलेश कुमार राय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल जवान को एंबुलेंस की मदद से ईलाज के लिए पखांजुर अस्पताल लाया गया, चिकित्सकों ने जाँच में जवान को शहीद बताया ।

सचिँग करने पर घटना स्थल से एक अन्य आईईडी मिलने पर बीडीएस टीम द्वारा नष्ट किया गया। बीएसएफ के अधिकारियों की रिपोर्ट पर परतापुर थाना में अज्ञात नक्सलियों के खिलाफ धारा 3, 4, 5 विप अधिनियम 10, 13, 16, 38 (2) 39 (1) (बी) विविक्रिकनि अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# लोकसभा चुनाव : मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के लिए हुई बैठक

**भानुप्रतापपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार भानुप्रतापपुर विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रतीक जैन ने आज अनुविभागीय कार्यालय भानुप्रतापपुर में सभी राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। सर्वप्रथम विधानसभा भानुप्रतापपुर में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत बढाये जाने वाले मतदान केंद्रों की चर्चा की । वर्तमान में भानुप्रतापपुर में 266 मतदान केंद्र है जिसमें से भानुप्रतापपुर तहसील में 99, चारामा में 105 एवं दुर्गुकोंदल में 62 मतदान केंद्र है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर नए मतदान केंद्रों का प्रस्ताव तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजा जावेगा। साथ ही साथ पुराने एवं जर्जर भवनों में संचालित हो रहे मतदान केंद्रों का निर्धारण भी नए भवन यदि उपलब्ध हो तो परिवर्तित किया जावेगा। इसके आलावा अनुभागों को संतुलित कर अनुभागों को भी सुविधायुक्त मतदान केंद्रों में रखा जावेगा। आज सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी2024 की अर्हता तिथि में दिनांक 6 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 के मध्य सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। 13 एवं 14 जनवरी 2024 को विशेष शिविर का आयोजन किया जावेगा। 20 दिसंबर से 5 जनवरी 24 के मध्य सभी बीएलओ घर घर जाकर सर्वे कार्य करेंगे। पुनरीक्षण के दौरान नए मतदाताओं के नाम जोंडे जावेगे। साथ ही साथ शिप्टींग, नाम काटने एवं सुधार का कार्य भी किया जावेगा। सभी राजनैतिक दलों से सभी मतदान केंद्रों में अपने अपने पार्टी के बीएलए नियुक्त कर इसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराने को कहा गया। सभी राजनैतिक दल इस पुनरीक्षण कार्य में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और नए युवा मतदाताओं के नाम जोडने को प्रेरित करें। 8 फरवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों में किया जावेगा। आज के बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत पैकरा, डिप्टी कलेक्टर चारामा सुश्री हर्षलता वर्मा, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, राजनैतिक दलों से कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान , पप्पू सोनी, सुरेश पंजवानी, केजूराम सिन्हा चारामा उपस्थित रहे।

- भानुप्रतापपुर में 266 मतदान केंद्र हैं जिसमें भानुप्रतापपुर में 99, चारामा में 105 एवं दुर्गुकोंदल में 62 केंद्र हैं







